
51. Which of the following polygons are uniquely determined when all the sides are given?

1. Quadrilateral
2. Triangle
3. Pentagon
4. Hexagon

51. निम्न बहुभुजों में कौन-सा बहुभुज अद्वितीय रूप से निश्चित किया जाता है जबकि सभी भुजाऐं दी गई हों।

1. चतुर्भुज
2. त्रिभुज
3. पंचभुज
4. षट्भुज

52. There are several human beings and several dogs in a room. One tenth of the humans have lost a leg. The total numbers of feet are 77. Then the number of dogs is


1. not determinable due to insufficient data
2. 4
3. 5
4. 6

52. एक कमरे में अनेक मनुष्य एवं कुत्ते हैं। मनुष्यों की संख्याओं का दसवाँ भाग एक पैर खो चुका है। कुल पैरों की संख्या 77 है तो कुत्तों की संख्या है

1. अपर्याप्त डाटा के कारण निश्चित नहीं किया जा सकता
2. 4
3. 5
4. 6

53. All the arcs in the following diagram are semi-circles. This diagram shows two paths connecting A to B. Path I is the single large semi-circle and Path II consists of the chain of small semi-circles.

53. निम्न चित्र में सभी चापें अर्धवृत्त हैं। इस चित्र में A को B से जोड़ने के लिये दो मार्ग दिखाए गये हैं। मार्ग I मात्र एक बड़ा अर्धवृत्त है जबकि मार्ग II अर्धवृत्तों की शृंखला है।




1. Path I is longer than path II
2. Path I is of the same length as Path II
3. Path I is shorter than Path II
4. Path I is of the same length as Path II, only if the number of semi circles is not more than 4

1. मार्ग I मार्ग II से लम्बा है
2. मार्ग I मार्ग II के बराबर है
3. मार्ग I मार्ग II से छोटा है
4. मार्ग I तथा मार्ग II समान दूरी के हैं, केवल यदि अर्धवृत्तों की संख्या 4 से अधिक नहीं है।

54. One integer is chosen out of 1, 2, 3, ..., 100. What is the probability that it is neither divisible by 4 nor by 6

1. 0.59
2. 0.67
3. 0.41
4. 0.33

54. 1, 2, 3, ..., 100 से एक पूर्णांक चुना जाता है। इसे न तो 4 और न ही 6 से विभाजित होने की प्रायिकता है।

1. 0.59
2. 0.67
3. 0.41
4. 0.33

55. $\sqrt{(a-b)^2}+\sqrt{(b-a)^2}$ is

1. Always zero
2. Never zero
3. Positive if and only if $a>b$
4. Positive only if $a \neq b$

55. $\sqrt{(a-b)^2}+\sqrt{(b-a)^2}$ है

1. सदैव शून्य
2. कदापि शून्य नहीं
3. धनात्मक यदि और केवल यदि $a>b$
4. धनात्मक केवल यदि $a \neq b$

56. A solid metal sphere of surface area $S_1$ is melted and recast into a number of smaller spheres. $S_2$ is the sum of the surface areas of all the smaller spheres. Then

1. $S_1 > S_2$
2. $S_2 > S_1$
3. $S_1 = S_2$
4. $S_1 = S_2$ only if all the smaller spheres of equal radii

56. एक $S_1$ पृष्ठीय क्षेत्रफल ठोस धातु के गोले को पिघलाकर छोटे गोलों में ढाला जाता है। $S_2$ सभी छोटे गोलों के पृष्ठीय क्षेत्रफलों का योग है। तब

1. $S_1 > S_2$
2. $S_2 > S_1$
3. $S_1 = S_2$
4. $S_1 = S_2$ यदि केवल सभी छोटे गोले समान त्रिज्याओं के हैं।

57. Which of the following is an irrational number?

1. $\sqrt{41616}$
2. 23.232323...
3. $\dfrac{(1+\sqrt{3})^3-(1-\sqrt{3})^3}{\sqrt{3}}$
4. 23.10100100010000...

57. निम्न में से कौन अपरिमेय संख्या है?

1. $\sqrt{41616}$
2. 23.232323...
3. $\dfrac{(1+\sqrt{3})^3-(1-\sqrt{3})^3}{\sqrt{3}}$
4. 23.10100100010000...

58. Re.1 and Rs.5 coins are available (as many required). Find the smallest payment which cannot be made by these coins, if not more than 5 coins are allowed.

1. 3
2. 12
3. 14
4. 18

58. Re.1 तथा Rs.5 के सिक्के उपलब्ध हैं (जितने चाहें उतने) यदि 5 सिक्कों से अधिक प्रयुक्त करने की अनुमति नहीं है तो रुपये में न्यूनतम भुगतान बताइये।

1. 3
2. 12
3. 14
4. 18

59. Median of a data set is a number which has an equal number of observations below and above it. The median of the data 1, 9,4,3,7,6,8,8,12,15 is

1. 7·5
2. 7
3. 8
4. any number between 7 and 8

59. किसी आंकड़े की माध्यिका एक संख्या है जिसके ऊपर तथा नीचे प्रेक्षणों की संख्या बराबर है। 1, 9, 4, 3, 7, 6, 8, 8, 12, 15 आंकड़ों की माध्यिका है

1. 7·5
2. 7
3. 8
4. 7 तथा 8 के बीच कोई संख्या

60. Suppose you walk from home to the bus stand at 4 km/h and immediately return at x km/h. If the average speed is 6 km/h then x is

1. 8km/h
2. 10km/h
3. 12km/h
4. cannot be determined unless the distance from home to bus stand is known.

60. मान लें कि आप बस स्टैण्ड से घर तक 4 km/h की गति से टहलते हैं और तुरंत x km/h से वापस होते हैं। यदि औसत गति 6 km/h है तो x है

1. 8km/h
2. 10km/h
3. 12km/h
4. नहीं निर्धारित किया जा सकता जब तक घर से बस स्टैण्ड की दूरी ज्ञात न कर लें।

61. From about 13th century to the time of the French Revolution sumptuary laws were expected to be followed strictly to:

1. regulate the behaviour of the royalty.
2. regulate the income of people by social rank.
3. control the behaviour of those considered social inferiors.
4. provide religious sanctity to social behaviour.

61. लगभग 13वीं सदी से लेकर फ्रांसीसी क्रांति तक खर्च संबंधी कानूनों का पालन कड़ाई से किया जाता था ताकि

1. राज परिवार का व्यवहार नियमानुरूप रहे।
2. सामाजिक हैसियत के अनुसार लोगों की आय नियमानुरूप रहे।
3. सामाजिक रूप से निम्न समझे जाने वाले लोगों के व्यवहार पर नियंत्रण रहे।
4. सामाजिक व्यवहार का धार्मिक अनुमोदन बना रहे।

62. Choose the correct response from the given options.
On 3rd March 1933 the famous Enabling Act was passed to:

a. establish dictatorship in Germany.
b. give Hitler the power to rule by decree.
c. ban all trade unions.
d. ban all political parties and their affiliates.

1. only a and b are correct
2. only c and d are correct
3. a, b and c are correct
4. only d is correct

63. Enclosures in England were seen as :

1. hindrance to agricultural expansion and crop rotation.
2. hindrance to commercialization of agriculture.
3. necessary to make long-term investment on land, agriculture and to plan crop rotation to improve the soil.
4. necessary to protect the interests of those who depended on the commons for their survival.

62. निम्नलिखित विकल्पों में सही का चयन करें।
3 मार्च 1933 को प्रसिद्ध 'इनेबलिंग एक्ट' इसलिए पास किया गया था ताकि

a. जर्मनी में तानाशाही की स्थापना हो सके।
b. हिटलर को राजाज्ञा जारी करके शासन करने की शक्ति मिल जाए।
c. सभी ट्रेड यूनियनों को प्रतिबंधित कर दिया जाए।
d. सभी राजनीतिक दलों तथा उसके सहयोगियों को प्रतिबंधित कर दिया जाए।

1. केवल (a) और (b) सही हैं।
2. केवल (c) और (d) सही हैं।
3. (a), (b) और (c) सही हैं।
4. केवल (d) सही है।

63. इंग्लैंड में कृषि बाड़ों (एनक्लोज़र) को यह समझा जाता था -

1. कृषि विस्तार और फसल चक्र में बाधा।
2. कृषि के व्यवसायीकरण में बाधा।
3. भूमि और कृषि में दूरगामी निवेश के लिए तथा कृषि भूमि को बेहतर बनाने हेतु फसल चक्र की योजना चलाने के लिए आवश्यक।
4. उनके हितों की रक्षा के लिए आवश्यक जो अपने अस्तित्व के लिए सामान्य लोगों पर निर्भर थे।

64. The Balkans, which was a serious source of nationalist tension in Europe after 1871, was a region comprising of:

1. Romania, Germany, Poland, Bulgaria.
2. Romania, Prussia, Greece, Croatia and Serbia.
3. Serbia, Austria, Bulgaria, Slovakia and Poland.
4. Serbia, Bulgaria, Greece, Croatia, Romania.

64. सन् 1871 के बाद यूरोप में राष्ट्रवादी तनाव का एक गंभीर स्रोत बालकन क्षेत्र था। इस क्षेत्र में निम्नलिखित देश आते हैं

1. रोमानिया, जर्मनी, पोलैंड, बुल्गारिया
2. रोमानिया, प्रुशिया, ग्रीस, क्रोशिया एवं सर्बिया
3. सर्बिया, ऑस्ट्रिया, बुल्गारिया, स्लोवाकिया एवं पोलैंड
4. सर्बिया बुल्गारिया, ग्रीस, क्रोशिया, रोमानिया

65. What was Rinderpest?

1. A disease of cattle plagues that spread in Africa in the 1890s.
2. Bubonic plague which spread in the region of Maharashtra in the 1890s.
3. A type of cholera that spread in Assam in the 1890s.
4. A devastating bird disease that was imported to Italy from British Asia, through chicken meat.

65. रिंडरपेस्ट क्या था?

1. जानवरों के प्लेग का रोग जो 1890 के दशक में अफ्रीका में फैला था।
2. बुबोनिक प्लेग जो 1890 के दशक में महाराष्ट्र में फैला था।
3. चेचक का एक प्रकार जो 1890 के दशक में असम में फैला था।
4. चिड़ियों का एक भयंकर रोग जो मुर्गे के मांस (चिकेन मीट) के माध्यम से ब्रिटिश एशिया से इटली आया।

66. Which of the following is a correct match?

1. Rashsundari Debi - Istri Dharma Vichar
2. Ram Chadda - Amar Jiban
3. Kashibaba - Chote Aur Bade ka Sawaal
4. Sudarshan Chakra - Gulamgiri

66. निम्नलिखित में कौन सा मिलान सही है?

1. राशसुंदरी देवी - स्त्री धर्म विचार
2. राम चड्ढा - अमर जीवन
3. काशी बाबा - छोटे और बड़े का सवाल
4. सुदर्शन चक्र - गुलामगिरि

67. Printing created possibilities of wider circulation of ideas. Who of the following hailed printing as the ultimate gift of God?

1. Martin Luther
2. Menocchio
3. Roman Catholic Church
4. Gutenberg

68. The Forest Act of 1878 divided forests into :

1. reserved and protected forests.
2. protected and village forests.
3. bio-sphere reserves and wild life sanctuaries.
4. reserved, protected and village forests.

69. Consider the following statements and identify the correct response from the options given thereafter:

**Statement I:** Hitler said 'In my state the mother is the most important citizen'.
**Statement II:** In Nazi Germany while boys were taught to be aggressive, muscular and steel hearted; girls were told that they had to become good mothers.

1. Statement I is true but statement II is false.
2. Both statement I and statement II are true but statement II is not the correct explanation of statement I.
3. Both the statements are false.
4. Both statement I and statement II are true and statement II is the correct explanation of statement I.

67. छपाई ने विचारों के व्यापक संचार को संभव बनाया। छपाई को ईश्वर की सबसे बड़ी देन बताकर किसने सराहा?

1. मार्टिन लूथर
2. मेनोश्शियो
3. रोमन कैथोलिक चर्च
4. गुटेनबर्ग

68. सन् 1878 के फॉरेस्ट एक्ट ने जंगलों को इन प्रकारों में विभाजित किया:

1. सुरक्षित एवं संरक्षित जंगल
2. संरक्षित एवं गाँव के जंगल
3. जैव-मंडल सुरक्षित एवं वन्य जीव अभ्यारण्य
4. सुरक्षित, संरक्षित एवं गाँव के जंगल

69. निम्नलिखित कथनों पर विचार करें और बाद में दिए गए विकल्पों में सही की पहचान करें:

**कथन I:** हिटलर ने कहा 'मेरे राज्य में माता सबसे महत्वपूर्ण नागरिक है।'
**कथन II :** नाजी जर्मनी में लड़कों को आक्रामक, शक्तिशाली और कड़े हृदय का होना सिखाया जाता था; लड़कियों को कहा गया कि उन्हें अच्छी माताएँ बनना है।

1. कथन I सही है पर कथन II गलत है।
2. कथन I तथा कथन II दोनों सही हैं, पर कथन II कथन I की सही व्याख्या नहीं है।
3. दोनों कथन गलत हैं।
4. कथन I तथा कथन II दोनों सही हैं और कथन II कथन I की सही व्याख्या है।

70. Consider the following statements and choose the correct response from the options given thereafter:

**Statement I:** The major cricket tournament of colonial India, the 'Quadrangular' did not represent regions but religious communities.
**Statement II:** The victory of the 'Hindus' in the 'Quadrangular' cricket tournament in 1923 was equated by a cricket fan with Gandhiji's war on 'untouchability'.

1. Statement I is true but statement II is false.
2. Statement I is false but statement II is true.
3. Both statement I and statement II are true and II is correct explanation of statement I.
4. Both statement I and statement II are true but statement II is not the correct explanation of statement I.

70. निम्नलिखित कथनों पर विचार करें और बाद में दिए गए विकल्पों में सही की पहचान करें:

**कथन I :** औपनिवेशिक भारत का प्रमुख क्रिकेट टूर्नामेंट 'चतुष्कोणीय' (क्वाड्रेंगुलर) विभिन्न क्षेत्रों का नहीं, बल्कि विभिन्न धार्मिक समुदायों का प्रतिनिधित्व करता था।

**कथन II :** एक क्रिकेट प्रेमी ने सन् 1923 के 'चतुष्कोणीय' (क्वाड्रेंगुलर) क्रिकेट टूर्नामेंट में टीम 'हिन्दू' की जीत की तुलना 'अस्पृश्यता' के विरुद्ध गाँधी जी के युद्ध से की।

1. कथन I सही है पर कथन II गलत है।
2. कथन I गलत है, पर कथन II सही है।
3. कथन I तथा कथन II दोनों सही हैं, किंतु कथन II कथन I की सही व्याख्या है।
4. कथन I तथा कथन II दोनों सही हैं, किंतु कथन II कथन I की सही व्याख्या नहीं है।

71. Match the following columns :

| | Column A | | Column B |
|---|---|---|---|
| (I) | Ambedkar established the Depressed Classes Association | (A) | December, 1929 |
| (II) | Gandhiji began the Civil Disobedience Movement | (B) | August, 1930 |
| (III) | Gandhiji ended the Civil Disobedience Movement | (C) | March, 1930 |
| (IV) | Congress adopted the demand for 'Purna Swaraj' | (D) | March, 1931 |

1. (I) - (C), (II) - (D), (III) - (B), (IV) - (A)
2. (I) - (B), (II) - (C), (III) - (D), (IV) - (A)
3. (I) - (C), (II) - (A), (III) - (B), (IV) - (D)
4. (I) - (D), (II) - (C), (III) - (B), (IV) - (A)

71. निम्नलिखित स्तंभों का मिलान करें:

| | स्तंभ A | | स्तंभ B |
|---|---|---|---|
| (I) | अंबेडकर ने दलित वर्ग संघ (डिप्रेस्ड कलासेज एसोसियशन) की स्थापना की। | (A) | दिसम्बर 1929 |
| (II) | गाँधी जी ने नागरिक अवज्ञा आंदोलन आरंभ किया। | (B) | अगस्त 1930 |
| (III) | गाँधी जी ने नागरिक अवज्ञा आंदोलन खत्म किया। | (C) | मार्च 1930 |
| (IV) | कांग्रेस ने 'पूर्ण स्वराज' की माँग की। | (D) | मार्च 1931 |

1. (I) - (C), (II) - (D), (III) - (B), (IV) - (A)
2. (I) - (B), (II) - (C), (III) - (D), (IV) - (A)
3. (I) - (C), (II) - (A), (III) - (B), (IV) - (D)
4. (I) - (D), (II) - (C), (III) - (B), (IV) - (A)

72. Consider the following statements and choose the correct response from the options given thereafter:

**Statement 1:** The Act of Union 1707 led to the formation of the "United Kingdom of Great Britain".
**Statement II:** The British parliament was henceforth dominated by its English members.

1. Both statement I and statement II are false.
2. Both statement I and statement II are true and statement II is the result of statement I.
3. Statement I is true but statement II is false.
4. Both statement I and statement II are true but statement II is not a result of statement I.

72. निम्न कथनों पर विचार करें और बाद में दिए गए विकल्पों में सही की पहचान करें:

**कथन I :** सन् 1707 के एक्ट ऑफ यूनियन ने 'यूनाइटेड किंगडम ऑफ ग्रेट ब्रिटेन' के गठन का नेतृत्व किया।

**कथन II :** उसके बाद से ब्रिटिश संसद में अंग्रेज सदस्यों का वर्चस्व रहा।

1. कथन I तथा कथन II दोनों गलत हैं।
2. कथन I तथा कथन II दोनों सही हैं एवं कथन II, कथन I का परिणाम है।
3. कथन I सही है, पर कथन II गलत है।
4. कथन I तथा कथन II दोनों सही हैं किंतु कथन II, कथन I का परिणाम नहीं है।

73. Consider the following statements and choose the correct response from the options given thereafter:
**Statement I:** Traders and travellers introduced new crops to the land they travelled.
**Statement II:** Noodles most likely travelled from China through Arab traders to Sicily.
**Statement III:** Potato reached the West through travellers and became the staple diet of the poor.

1. Statement I and statement III are true.
2. Statement II and statement III are true.
3. All three statements are true.
4. Statement I and statement II are true.

73. निम्न कथनों पर विचार करें तथा बाद में दिए गए विकल्पों में सही का चयन करें:

**कथन I :** व्यापारियों और यात्रियों ने उन देशों में नई फसलों की शुरुआत की जहाँ वे गए।

**कथन II:** बहुत संभव है कि नूडल चीन से अरब व्यापारियों द्वारा सिसली पहुँचा।

**कथन III :** व्यापारियों के द्वारा आलू पश्चिम पहुँचा तथा गरीबों का मुख्य भोजन बन गया।

1. कथन I तथा कथन III सही हैं।
2. कथन II तथा कथन III सही हैं।
3. सभी तीनों कथन सही हैं।
4. कथन I तथा कथन II सही हैं।

74. **Assertion (A):** Gandhiji's idea of satyagraha emphasised on the power of truth and the need to search for truth.
**Reasoning (R):** Gandhiji believed that a satyagrahi could win the battle by appealing to the conscience of the oppressor.
Select the correct option from the given alternatives.

1. A is true and R is false.
2. Both A and R are true but R is not the correct explanation of A.
3. Both A and R are true and R is the correct explanation of A.
4. Both A and R are false.

74. **विचार (A) :** गाँधी जी की सत्याग्रह धारणा ने सत्य की शक्ति तथा सत्य की खोज की आवश्यकता पर जोर दिया।
**तर्क (R):** गाँधी जी का विश्वास था कि उत्पीड़क की अंतरात्मा से अपील कर कोई सत्याग्रही लड़ाई जीत सकता है।
निम्न विकल्पों में सही विकल्प चुनिए।

1. (A) सही है तथा (R) गलत है।
2. (A) तथा (R) दोनों सही हैं किन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
3. (A) तथा (R) दोनों सही हैं किन्तु (R), (A) की सही व्याख्या है।
4. (A) तथा (R) दोनों गलत हैं।

75. **Assertion (A):** The Civil Disobedience Movement was different from the Non-cooperation Movement.
**Reason (R):** People in the Civil Disobedience Movement were asked not only to refuse cooperation with the British but also to break colonial laws.
Select the correct option from the given alternatives.

1. Both A and R are true but R is not the correct explanation of A.
2. Both A and R are false.
3. A is false but R is true.
4. Both A and R are true and R is the correct explanation of A.

75. **विचार (A) :** नागरिक अवज्ञा आंदोलन असहयोग आंदोलन से भिन्न था।
**तर्क (R):** नागरिक अवज्ञा आंदोलन में लोगों से कहा गया कि न केवल ब्रिटिश शासकों को सहयोग न दें बल्कि औपनिवेशिक कानूनों का उल्लंघन भी करें।

निम्न विकल्पों में सही विकल्प चुनिए:

1. (A) तथा (R) दोनों सही हैं किन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
2. (A) तथा (R) दोनों गलत हैं।
3. (A) गलत है तथा (R) सही है।
4. (A) तथा (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है।

18

76. **Assertion (A):** Coal is a fossil fuel.
**Reason(R):** It is formed due to compression of inorganic material over millions of years.

Select the correct option from the given alternatives.

1. Both (A) and (R) are true, and (R) explain (A)
2. Both (A) and (R) are true, but (R) does not explain (A)
3. (A) is true and (R) is false
4. (A) is false and (R) is true

76. **विचार (A) :** कोयला एक जीवाश्म ईंधन है।
**तर्क (R):** यह अकार्बनिक सामग्री के लाखों वर्ष तक दबे रहने से बनता है।

निम्न विकल्पों में सही का चयन करें:

1. (A) तथा (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की व्याख्या करता है।
2. (A) तथा (R) दोनों सही हैं किन्तु (R), (A) की व्याख्या नहीं करता।
3. (A) सही है और (R) गलत है।
4. (A) गलत है तथा (R) सही है।

77. **Assertion (A):** The sun rises in Arunachal Pradesh about two hours before Gujarat.
**Reason(R) :** Arunachal Pradesh is on a higher latitude than Gujarat.

Select the correct option from the given alternatives.

1. Both (A) and (R) are true, and (R) explain (A)
2. Both (A) and (R), are true, but (R) does not explain (A)
3. (A) is true and (R) is false
4. (A) is false and (R) is true

77. **विचार (A) :** अरूणाचल प्रदेश में सूर्योदय गुजरात से दो घंटे पहले होता है।
**तर्क (R):** अरूणाचल प्रदेश गुजरात से ऊँचे अक्षांश पर है।

निम्न विकल्पों में सही का चयन करें :

1. (A) तथा (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की व्याख्या करता है।
2. (A) तथा (R) दोनों सही हैं किन्तु (R), (A) की व्याख्या नहीं करता।
3. (A) सही है और (R) गलत है।
4. (A) गलत है तथा (R) सही है।

78. **Assertion (A) :** In India, east coast has more seaports than the west coast.
**Reason(R) :** The east coast is broader and is an example of emergent coast.
Select the correct option from the given alternatives.


1. Both (A) and (R) are true, and (R) explain (A)
2. Both (A) and (R) are true, but (R) does not explain (A)
3. (A) is true and (R) is false
4. (A) is false and (R) is true


78. **विचार (A) :** भारत में पश्चिमी तट से अधिक बंदरगाह पूर्वी तट पर हैं।
**तर्क (R):** पूर्वी तट अधिक चौड़ा है और नए उभरते तट का उदाहरण है।
निम्न विकल्पों में सही का चयन करें।


1. (A) तथा (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की व्याख्या करता है।
2. (A) तथा (R) दोनों सही हैं किन्तु (R), (A) की व्याख्या नहीं करता।
3. (A) सही है और (R) गलत है।
4. (A) गलत है तथा (R) सही है।


79. Which pie diagram represents India's age composition in 2001?

79. सन् 2001 में भारत की आयु जनसंख्या का सही विवरण कौन सा पाई ग्राफ दर्शाता है?




80. **Assertion (A)** : The north western parts of India receive rainfall in winter.
**Reason (R)** : The winter rainfall in India occurs due to North East monsoon.
Select the correct option from the given alternatives.

1. Both (A) and (R) are true, and (R) explain (A)
2. Both (A) and (R), are true, but (R) does not explain (A)
3. (A) is true and (R) is false
4. (A) is false and (R) is true

80. **विचार (A) :** भारत के उत्तर-पश्चिमी भाग में शीतकाल में वर्षा होती है।
**तर्क (R):** भारत में शीतकाल की वर्षा उत्तर-पूर्वी मानसून के लौटने के कारण होती है।
दिए गये विकल्पों में से सही विकल्प चुनें।

1. (A) तथा (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की व्याख्या करता है।
2. (A) तथा (R) दोनों सही हैं किन्तु (R), (A) की व्याख्या नहीं करता।
3. (A) सही है और (R) गलत है।
4. (A) गलत है तथा (R) सही है।

81. Which four major ports of India lie on the Golden Quadrilateral?

1. Chennai, Tuticorin, Mangalore, Marmagao
2. Kolkata, Chennai, Mangalore, Mumbai
3. Marmagao, Mumbai, Kandla, Mangalore
4. Kolkata, Mumbai, Vishakhapatanam, Chennai

81. भारत के कौन से चार मुख्य बंदरगाह स्वर्ण चतुर्भुज (गोल्डन क्वाड्रिलेटरल) पर पड़ते हैं?


1. चेन्नई, तूतीकोरिन, मैंगलोर, मरमागाँव
2. कोलकता, चेन्नई, मैंगलोर, मुंबई
3. मरमागाँव, मुंबई, कांडला, मैंगलोर
4. कोलकता, मुंबई, विशाखापत्तनम, चेन्नई

82. Match the fishing ports indicated on the map of India (I, II, III and IV) with their respective names.

A. Kakinada
B. Alappuzha
C. Porbandar
D. Tuticorin

82. भारत के मानचित्र में दिए गए मछली पकड़ने के बंदरगाहों (I, II, III और IV) का उनके नाम से मिलान करें।

A. काकिनाडा
B. अलापुज्झा
C. पोरबंदर
D. तूतीकोरिन





| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | II-A, | III-B, | I-C, | IV-D |
| 2. | I-A, | II-B, | III-D, | IV-C |
| 3. | I-C, | II-B, | III-A, | IV-D |
| 4. | I-D, | II-B, | III-A, | IV-C |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | II-A, | III-B, | I-C, | IV-D |
| 2. | I-A, | II-B, | III-D, | IV-C |
| 3. | I-C, | II-B, | III-A, | IV-D |
| 4. | I-D, | II-B, | III-A, | IV-C |

83. Which figure relates the trend of population Growth rate of India from 1951-2001?

83. सन् 1951-2001 के बीच भारत की जनसंख्या वृद्धि की प्रवृत्ति से कौन सा आरेख संबंधित है?



84. **Assertion(A):** The Himalayan ranges show change in vegetation from tropical to tundra.
**Reason (R):** In mountainous area with increase in altitude there is corresponding decrease in temperature, which leads to change in vegetation types.
Select the correct option from the given alternatives.
1. Both (A) and (R) are true and (R) explain (A).
2. Both (A) and (R) are true but (R) does not explain (A).
3. (A) is true and (R) is false.
4. (A) is false and (R) is true.

84. **विचार (A) :** हिमालय शृंखला उष्णकटिबंधीय से टुंड्रा तक वनस्पति में भिन्नता दर्शाती है।
**तर्क (R):** पर्वतीय क्षेत्र में ऊँचाई की वृद्धि के साथ-साथ तापमान गिरता है, जिससे वनस्पति के प्रकार बदलते हैं।
दिए गये विकल्पों में से सही विकल्प चुनें।
1. (A) तथा (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की व्याख्या करता है।
2. (A) तथा (R) दोनों सही हैं किन्तु (R), (A) की व्याख्या नहीं करता।
3. (A) सही है और (R) गलत है।
4. (A) गलत है तथा (R) सही है।

85. Which of the following methods are used to restrict soil erosion?
A. Ploughing along contour lines
B. Strip cropping
C. Jhumming
D. Mixed farming
1. A and B
2. A and C
3. B and D
4. B and C


85. भूक्षरण को रोकने के लिए निम्नलिखित कौन से उपाय किए जाते हैं?
A. समोच्च जुताई
B. पट्टी कृषि
C. झूम कृषि
D. मिश्रित कृषि
1. A और B
2. A और C
3. B और D
4. B और C

86. **Assertion (A):** Although only the southern part of India lies in tropical region, the whole of India has tropical climate.
**Reason (R):** Himalaya mountain ranges protect it from the northerly cold winds.
Select the correct option from the given alternatives.
1. Both (A) and (R) are true and (R) explain (A)
2. Both (A) and (R) are true but (R) does not explain (A)
3. (A) is true and (R) is false.
4. (A) is false and (R) is true.

86. **विचार (A) :** यद्यपि भारत का केवल दक्षिणी भाग ही उष्णकटिबंधीय क्षेत्र में पड़ता है, पूरे भारत की जलवायु उष्णकटिबंधीय है।
**तर्क (R):** हिमालय पर्वत शृंखलाएँ इसे उत्तरी ठंडी हवाओं से बचाती हैं।
दिए गये विकल्पों में से सही विकल्प को चुनें।
1. (A) तथा (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की व्याख्या करता है।
2. (A) तथा (R) दोनों सही हैं किन्तु (R), (A) की व्याख्या नहीं करता।
3. (A) सही है और (R) गलत है।
4. (A) गलत है तथा (R) सही है।

87. What does the zig-zag line indicate on the map of India?

87. भारत के मानचित्र में दी गई आड़ी-तिरछी रेखा क्या दर्शाती है?



1. Advancement of summer monsoon on 1st June.
2. Line dividing tropical evergreen and deciduous forest.
3. Water divide between east and west flowing rivers.
4. Line dividing annual rainfall above and below 100 cm.

1. 1 जून को ग्रीष्मकालीन मानसून की अग्रगति
2. उष्णकटिबंधीय सदाबहार तथा पर्णपाती वनों (जंगलों) के बीच विभाजक रेखा
3. पूर्व और पश्चिम के बीच बहने वाली नदियों के पानी का विभाजन
4. वार्षिक 100 से.मी. से अधिक और कम वर्षा को विभाजित करने वाली रेखा।

88. Which of the following feature has similar geological structure with Meghalaya, Karbi Anglong plateau and Cachar Hills?

1. Aravalli Range
2. Purvanchal Hills
3. Siwaliks
4. Chotanagpur Plateau

88. निम्नलिखित में किसकी भूगर्भीय संरचना मेघालय, करबी आंगलोंग पठार तथा कचार पहाड़ियों से मिलती-जुलती है?

1. अरावली श्रृंखला
2. पूर्वांचल पहाड़ियाँ
3. शिवालिक
4. छोटा नागपुर पठार

8SA

89. **Assertion (A):** Sex Ratio in India is low.

**Reason (R) :** Indian society has been unfavourable to females.

Select the correct option from the given alternatives.

1. Both (A) and (R) are true, and (R) explain (A)
2. Both (A) and (R) are true, but (R) does not explain (A)
3. (A) is true and (R) is false
4. (A) is false and (R) is true

89. **विचार (A) :** भारत में लिंग अनुपात कम है।

**तर्क (R):** भारतीय समाज स्त्रियों के प्रतिकूल है।

दिए गये विकल्पों में से सही विकल्प चुनें।

1. (A) तथा (R) दोनों सही हैं तथा (R) (A), की व्याख्या करता है।
2. (A) तथा (R) दोनों सही हैं किन्तु (R), (A) की व्याख्या नहीं करता।
3. (A) सही है और (R) गलत है।
4. (A) गलत है तथा (R) सही है।

90. A pilot takes off from an airport at 15°S latitude and flies 55° due North. What latitude the pilot has reached?

1. 55° N
2. 40° N
3. 70° N
4. 15° N

90. एक विमानचालक 15°S अक्षांश पर किसी हवाई अड्डे से 55° उत्तर की ओर उड़ना आरंभ करता है। किस अक्षांश पर विमानचालक पहुँचा?

1. 55° N
2. 40° N
3. 70° N
4. 15° N

91. Which of the following is **not** a feature of Indian federalism?

1. The Constitution creates a strong Centre.
2. The Constitution provides for a single judiciary.
3. The Constitution provides for a common All India Services.
4. The Constitution provides equal representation to the States in the Upper House of the Parliament.

91. निम्नलिखित में से कौन भारतीय संघवाद की विशेषता **नहीं** है?

1. संविधान एक सशक्त केंद्र की रचना करता है।
2. संविधान एकल न्याय तंत्र की व्यवस्था देता है।
3. संविधान में अखिल भारतीय सेवा की व्यवस्था प्रदान करता है।
4. संविधान संसद के ऊपरी सदन में विभिन्न प्रांतों को समान प्रतिनिधित्व देता है।

92. Which of these features is **not** a guiding value of the Indian Constitution?

1. No external power can dictate to the Government of India.
2. The head of the State is a hereditary position.
3. All people are equal before law.
4. Citizens have complete freedom to follow any religion.

92. निम्नलिखित में से कौन भारतीय संविधान का निर्देशक मूल्य **नहीं** है?

1. कोई बाहरी शक्ति भारत सरकार को निर्देश नहीं दे सकती।
2. राज्य प्रमुख का पद आनुवांशिक है।
3. कानून के समक्ष सभी लोग समान हैं।
4. नागरिकों को किसी भी धर्म का अनुयायी होने की पूरी स्वतंत्रता है।

93. According to Dr. B.R. Ambedkar, which of the following is the 'heart and soul' of our Constitution?

1. The Preamble
2. Right to Equality
3. Right against Exploitation
4. Right to Constitutional Remedies

93. डॉ. भीमराव अंबेडकर के अनुसार निम्नलिखित में से कौन हमारे संविधान का 'हृदय और आत्मा' है?

1. प्रस्तावना
2. समानता का अधिकार
3. शोषण के विरुद्ध अधिकार
4. संवैधानिक उपचार का अधिकार

94. Democracy is considered to be better than other forms of government. Which of the following statements support this claim?

A. It is a more accountable form of government.
B. It improves the quality of decision-making.
C. It ensures rapid economic development of citizens.
D. It enhances the dignity of citizens.

1. A, B and D
2. A and C
3. A, B and C
4. B, C and D

94. लोकतंत्र को सरकार के अन्य रूपों से बेहतर माना जाता है। निम्नलिखित कथनों में से कौन इस बात को बल पहुँचाता है?

A. यह अधिक उत्तरदायी सरकार है।
B. यह निर्णय लेने की गुणवत्ता बेहतर करता है।
C. यह नागरिकों का तीव्र आर्थिक विकास सुनिश्चित करता है।
D. यह नागरिकों की गरिमा बढ़ाता है।

1. A, B और D
2. A और C
3. A, B और C
4. B, C और D

95. The Constitution of India was amended in 1992 to make the third-tier of democracy more effective. As a result, at least one-third of all positions in the local bodies are reserved for women. This is because

1. women are good at managing resources.
2. although women constitute nearly half of the population, they have inadequate representation in decision-making bodies.
3. we have many powerful women leaders.
4. women are obedient and would follow the constitutional provisions well.

95. जनतंत्र के त्रितीय स्तर को अधिक प्रभावी बनाने के लिए भारतीय संविधान को 1992 में संशोधित किया गया। परिणाम स्वरूप स्थानीय निकायों में कम से कम एक तिहाई स्थान महिलाओं के लिए आरक्षित किए गए। इसका कारण है-

1. महिलाएँ संसाधनों की व्यवस्था करने में कुशल होती हैं।
2. यद्यपि जनसंख्या में महिलाओं की संख्या लगभग आधी है, उनका निर्णयकारी संस्थाओं में प्रतिनिधित्व अपर्याप्त है।
3. हमारे यहाँ अनेक सशक्त महिला नेत्रियाँ हैं।
4. महिलाएँ आज्ञाकारी होती हैं और संवैधानिक प्रावधानों का अच्छी तरह पालन करेंगी।

96. In which of the following economies are people more of a resource?

1. Country A with 78% of the working age population illiterate and with very low life expectancy
2. Country B with 10% of the working age population illiterate and with high life expectancy
3. Country C with 60% of people in the working age illiterate, but with high life expectancy
4. Country D with only 10% of population is the working age illiterate, but has very low life expectancy.

96. निम्नलिखित अर्थव्यवस्थाओं में कहाँ लोग संसाधन के रूप में अधिक समझे जाते हैं?

1. देश A जहाँ 78% कार्यशील जनसंख्या निरक्षर तथा अल्पायु है।
2. देश B जहाँ 10% कार्यशील जनसंख्या निरक्षर तथा दीर्घायु है।
3. देश C जहाँ 60% कार्यशील जनसंख्या निरक्षर, किन्तु दीर्घायु है।
4. देश D जहाँ 10% कार्यशील जनसंख्या निरक्षर, किन्तु अल्पायु है।

78% ill ↓life
10% ill ↑life
60% ill ↑life
10% ill ↓life

97. Which of the following statements is true of agriculture in Indian economy between 1973 and 2003?

1. The sectorial share of agriculture in employment has decreased far more than its share on total output.
2. The sectorial share of agriculture in total output has decreased, but its share in employment has increased.
3. The sectorial share of agriculture in total output has increased, but its share in employment has decreased.
4. The sectorial share of agriculture in output has decreased far more than its share in total employment.

97. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन 1973 से 2003 के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था में कृषि के बारे में सही है?

1. अर्थव्यवस्था में कृषि रोजगार का हिस्से इसके संपूर्ण उत्पाद में हिस्से की तुलना में बहुत अधिक गिरा।
2. संपूर्ण उत्पाद में कृषि का हिस्सा गिरा, किन्तु रोजगार में इसका हिस्सा बढ़ा।
3. संपूर्ण उत्पाद में कृषि का हिस्सा बढ़ा, किन्तु रोजगार में इसका हिस्सा गिरा।
4. संपूर्ण उत्पाद में कृषि का हिस्सा रोजगार में इसके हिस्से की तुलना में बहुत अधिक गिरा।

98. Which of the following can be considered as Foreign Direct Investment made in India?

A. The TATAs acquire Corus steel plant abroad.
B. Mr. Donald, an American citizen, acquires 100 shares of an Indian listed company.
C. The remittances sent by an Indian doctor in Dubai back to his hometown in Kerala.
D. The US multinational Google opens its full-fledged unit at Gurgaon, Haryana.

1. (A) and (D)
2. (A) and (B)
3. (D) only
4. (B) and (C)

98. निम्नलिखित में से किसे भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का उदाहरण माना जा सकता है?

A. टाटा द्वारा विदेश में कोरस स्टील प्लांट का अधिग्रहण करना।
B. अमेरिकी नागरिक मि. डोनाल्ड द्वारा एक सूचित भारतीय कंपनी का 100 शेयर खरीद लेना।
C. दुबई स्थित एक भारतीय डॉक्टर द्वारा केरल में अपने गृह नगर में पैसे भेजना।
D. अमेरिकी बहुराष्ट्रीय कंपनी गूगल द्वारा हरियाणा के गुड़गाँव में अपनी पूर्णतः व्यवस्थित इकाई खोलना।

1. A और D
2. A और B
3. केवल D
4. B और C

99. We accept paper money as a medium of exchange because

1. it has gold backing.
2. the law legalizes it.
3. Reserve Bank of India has precious metals against which it prints notes.
4. everyone else accepts it.

99. हम विनिमय माध्यम के लिए कागजी मुद्रा को स्वीकार करते हैं क्योंकि

1. इसे स्वर्ण तुल्यता का समर्थन प्राप्त है।
2. कानून इसे वैधता देता है।
3. भारतीय रिजर्व बैंक के पास मूल्यवान धातुएँ हैं जिसके आधार पर वह मुद्रा छापता है।
4. सभी इसे स्वीकार करते हैं।

100. Which of the following refers to trade barrier in the context of WTO?

I. Restrictions on domestic trade
II. Not allowing companies to do foreign trade beyond specific quantity
III. Restrictions on the export and import of goods
IV. Restrictions on the price fixed by companies

1. (I), (II) and (III)
2. (II), (III) and (IV)
3. (III) and (IV)
4. (I), (II) and (IV)

100. विश्व व्यापार संगठन (WTO) के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन व्यापार में अवरोध का उल्लेख करता है?

I. घरेलू व्यापार को सीमित/प्रतिबंधित करना।
II. कंपनियों को निश्चित मात्रा से अधिक विदेश व्यापार की अनुमति न देना।
III. वस्तुओं के आयात-निर्यात को सीमित/प्रतिबंधित करना।
IV. कंपनियों द्वारा मूल्य निर्धारण को सीमित/प्रतिबंधित करना।

1. (I), (II) और (III)
2. (II), (III) और (IV)
3. (III) और (IV)
4. (I), (II) और (IV)

## रफ़ कार्य/ROUGH WORK

## रफ़ कार्य/ROUGH WORK